प्रेस विज्ञप्ति

रायपुर, दिनांक 27 जनवरी, 2014

- विधानसभा सचिवालय में गणतंत्र दिवस उमंग एवं उल्लास के साथ मनाया गया

- विधानसभा के आस-पास मेले जैसा रहा माहौल

विधानसभा सचिवालय में गणतंत्र दिवस उमंग एवं उल्लास के साथ मनाया गया। विधानसभा के प्रमुख सचिव श्री देवेन्द्र वर्मा ने प्रातः 8.30 बजे ध्वाजारोहण कर परेड की सलामी ली। ध्वाजारोहण पश्चात् श्री देवेन्द्र वर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल का सचिवालय के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए संदेश का वाचन किया। श्री गौरीशंकर अग्रवाल ने इस अवसर पर सचिवालय के अधिकारियों / कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि - संविधान के प्रति आस्था और विश्वास प्रत्येक नागरिक का प्रथम कर्तव्य है। आत्म-अनुशासन को जागृत कर ही संविधान के प्रति हम अपनी निष्ठा सुदृढ़ कर सकते हैं। हम सबका यह समंवित प्रयास होना चाहिए कि अपने कार्य और व्यवहार से हम अपनी राष्ट्रीय एकता, अखण्डता और उसका सम्मान संवर्धित करें। यह भी आवश्यक है कि राष्ट्र के विकास के लिए हम समुन्नत उर्ध्वगामी विचारों को अपने मस्तिक में स्थान दें वहीं ह्रदय से अधोगामी भावना का त्याग कर आदर्श नागरिक होने का परिचय दें।

इस अवसर पर सचिवालय के अधिकारियों/कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं स्कूली बच्चे भी उपस्थित थे। गणतंत्र दिवस के अवसर पर नयना-भिराम रोशनी के साथ परिसर एवं भवन नागरिकों के लिए सायं 6.00 बजे तक खुला रखा गया था। हजारों की संख्या में नागरिकों ने इसका लाभ उठाया। विधानसभा भवन के आस-पास मेले जैसा माहौल था।